नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **16**

No. of Printed Pages – **8**

# SS-21-Hindi Lit. (D & D)

## हिन्दी साहित्य

### उच्च माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2022

**समय : 3 घण्टे 45 मिनट**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

OFFICE COPY

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड है, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

## खण्ड – अ

1. निम्नलिखित प्रश्न संख्या **1** से **12** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प का चयन कर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : **12 × 1 = 1**

(1) रसयुक्त वाक्य को काव्य किसने कहा ?

(अ) जगन्नाथ ने (ब) मम्मट ने

(स) विश्वनाथ ने (द) आचार्य भामह ने

(2) हरिगीतिका छंद के प्रत्येक चरण में मात्राएँ होती हैं

(अ) 24 (ब) 26

(स) 27 (द) 28

(3) प्रिंट मीडिया में सम्मिलित है –

(अ) रेडियो (ब) दूरदर्शन

(स) अखबार (द) इनमें से कोई नहीं

(4) मीडिया की भाषा में समाचार को कहा जाता है

(अ) स्क्रिप्ट (ब) स्टोरी

(स) ब्लॉग (द) सोशल मीडिया

(5) समान शब्द के भिन्न-भिन्न संदर्भों में भिन्न-भिन्न अर्थ निकलते हों, वहाँ कौन सा अलंकार होता है ?

(अ) श्लेष (ब) उपमा

(स) रूपक (द) यमक

(6) 'सरोज-स्मृति' गीत किसकी स्मृति में लिखा गया ?

(अ) निराला की माँ (ब) निराला की बहिन

(स) निराला की पुत्री (द) निराला की पत्नी

(7) केशवदास किसकी उदारता का बखान करने में कवि को असमर्थ मानते हैं ?

(अ) ब्रह्मा की (ब) सरस्वती की

(स) शिव की (द) पार्वती की



OFFICE COPY

(8) "इस शहर में बसंत अचानक आता है ।" पंक्ति में किस शहर की बात की जा रही है ? 1

(अ) आगरा की (ब) दिल्ली की

(स) प्रयागराज की (द) बनारस की

(9) 'प्रेमधन की छाया स्मृति' पाठ के लेखक हैं – 1

(अ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (ब) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(स) भगीरथ मिश्र (द) निर्मल वर्मा

(10) 'बालक बच गया' पाठ में बालक ने इनाम में क्या माँगा ? 1

(अ) पुस्तक (ब) पेन

(स) लड्डू (द) खिलौने

(11) 'संवदिया' कहानी में संवदिया किसका संदेश लेकर गया ? 1

OFFICE COPY

(अ) छोटी बहुरिया का (ब) बड़ी बहुरिया का

(स) सास का (द) नणंद का

(12) सूरदास की झोंपड़ी में आग किसने लगाई ? 1

(अ) जगधर ने (ब) सुहागी ने

(स) मिठुआ ने (द) भैरों ने

2. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिए गए उचित शब्द से कीजिए : 1 × 6 = 6

(1) यह दीप अकेला ________ भरा । (मद/स्नेह) 1

(2) अरुण यह ________ देश हमारा । (मधुमय/कटुमय) 1

(3) उस समय तक राख ________ हो चुकी थी । (ठंडी/गरम) 1

(4) रूप के भाई का नाम ________ था । (स्वरूप/भूप) 1

(5) मधुरता का भाव जहाँ प्रकट हो वहाँ पर ________ गुण होता है । (प्रसाद/माधुर्य) 1

(6) छंद दो प्रकार के होते हैं एक ________ दूसरा वर्णिक । (कायिक/मात्रिक) 1

3. प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के अतिलघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 10 शब्दों में दीजिए। 10 × 1 = 10

(1) काव्य दोष की परिभाषा लिखिए। 1

(2) जनसंचार का सबसे पुराना माध्यम कौन सा है ? 1

(3) युधिष्ठिर के सामने से कौन भागता है ? 1

(4) माता कौशल्या राम की किस वस्तु को निरखती थी ? 1

(5) ब्रजमोहन व्यास ने उद्घाटन पश्चात् प्रयाग संग्रहालय की जिम्मेदारी किसे सौंपी ? 1

(6) 'संवदिया' कहानी में संदेश देने वाले का क्या नाम था ? 1

(7) 'दूसरा देवदास' कहानी में मन्नू की बुआ का क्या नाम था ? 1

(8) भूप सिंह की पत्नी ने किस नदी में कूदकर आत्महत्या की ? 1

(9) हाथीपाला नाम क्यों पड़ा ? 1

(10) सूरदास के पैसों की थैली किसने चुरायी ? 1

OFFICE COPY

## खण्ड – ब

निर्देश :– प्रश्न संख्या 4 से 8 तक के लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में लिखिए : 5 × 2 = 10

4. इंटरनेट किसे कहते हैं ? 2

5. प्रसाद गुण की परिभाषा लिखिए। 2

6. सूरदास की गाँव में बदनामी क्यों हुई ? 2

7. 'अपना मालवा–खाऊ–उजाड़ू सभ्यता में' पाठ में आई मालवा क्षेत्र की किन्हीं चार नदियों के नाम लिखिए। 2

8. फीचर की परिभाषा लिखिए। 2

## खण्ड – स

निर्देश :– प्रश्न संख्या **9** से **11** तक के निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर अधिकतम **60** शब्दों में दीजिए । **4 × 3 = 12**

9. पत्रकारीय लेखन किसे कहते हैं ? स्पष्ट कीजिए । **4**

**अथवा**

समाचार लेखन के छह ककारों का परिचय दीजिए ।

10. सूरदास की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए । **4**

**अथवा**

भूप दादा पहाड़ क्यों नहीं छोड़ना चाहते ?

11. 'साझा' कहानी में हाथी ने किसान से साझे की फसल कैसे बाँटी ? **4**

**अथवा**

किन्हें आधुनिक भारत के 'नए शरणार्थी' कहा गया है ?

OFFICE COPY

## खण्ड – द

12. निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 × 3 = 6**

1947 के बाद से
इतने लोगों को इतने तरीकों से
आत्मनिर्भर, मालामाल और गतिशील होते देखा है
कि अब जब आगे कोई हाथ फैलाता है
पच्चीस पैसे एक चाय या रोटी के लिए
तो जान लेता हूँ
मेरे सामने एक ईमानदार आदमी, औरत या बच्चा खड़ा है ।

(1) 1947 के बाद कवि ने लोगों को क्या होते देखा है ? **2**

(2) कवि क्या पाने के लिए हाथ फैलाने की बात करता है ? **2**

(3) पद्यांश का भाव लिखिए । **2**

[ Turn over

13. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 3 = 6$

चौधरी साहब से तो अब अच्छी तरह परिचय हो गया था । अब उनके यहाँ मेरा आना–जाना एक लेखक की हैसियत से होता था । हम लोग उन्हें एक पुरानी चीज समझा करते थे । इस पुरातत्व की दृष्टि में प्रेम और कुतूहल का एक अद्‌भुत मिश्रण रहता था । यहाँ पर यह कह देना आवश्यक है कि चौधरी साहब एक खासे हिन्दुस्तानी रईस थे । वसंत पंचमी, होली इत्यादि अवसरों पर उनके यहाँ खूब नाचरंग और उत्सव हुआ करते थे ।

(1) लेखक का परिचय किससे हो गया था ? 2

(2) किन अवसरों पर चौधरी साहब के यहाँ नाचरंग और उत्सव होते थे ? 2

(3) चौधरी साहब के प्रति पुरातत्व की दृष्टि में किसका अद्‌भुत मिश्रण रहता था ? 2

OFFICE COPY

14. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 3 = 6$

युद्ध नहीं है नाश मात्र ही,
युद्ध स्वयं निर्माता है ।
लड़ा न जिसने युद्ध,
राष्ट्र वह कच्चा ही रह जाता है ।
नहीं तिलक के योग्य शीश वह,
जिस पर हुआ प्रहार नहीं ।
रही कुँआरी मुट्ठी वो,
जो पकड़ सकी तलवार नहीं ।

(1) पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 2

(2) कौन सा राष्ट्र कच्चा ही रह जाता है ? 2

(3) कौन सा शीश तिलक करने योग्य नहीं है ? 2

15. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 3 = 6$

हिंदी साहित्य के विकास में राजस्थान का विशेष योगदान है । राजस्थानी लेखकों ने हिंदी काव्य को अपनी रचनाओं से अभिवृद्ध किया है । प्राचीन काल में राजस्थान के हिंदी काव्य का स्वरूप प्रधानतः लोककथाओं और वीरगाथाओं पर आधारित था । आदिकाल में रचित चन्दबरदायी का 'पृथ्वीराज रासो' और नरपति नाल्ह का 'बीसलदेव रासो' ग्रंथ इस दृष्टि से अवलोकनीय है ।

(1) प्राचीन काल में राजस्थान के हिंदी काव्य का स्वरूप कैसा था ? 2

(2) आदिकाल के कोई दो प्रमुख ग्रंथों के नाम लिखिए । 2

(3) 'अवलोकनीय' शब्द का अर्थ लिखिए । 2

OFFICE COPY

16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए : 6

(1) कोरोना महामारी

(2) मेरा प्रिय खेल

(3) अनुशासन का जीवन में महत्त्व

(4) यदि मैं प्रधानाचार्य होता

DO NOT WRITE ANYTHING

DO NOT WRITE ANYTHING HERE